**अपराध** | आरोपी से पूछताछ में कई नामों का हुआ खुलासा, नोटिस जारी, जवाब-तलब से मचा हड़कंप

# कॉल डिटेल से खुला राज, जांच की जद में रसूखदार

**नवभारत कटनी।** जिले के अपराध जगत में कुख्यात राहुल बिहारी गैंग की जांच अब सत्ता, समाज और व्यापार की गलियों तक पहुंच गई है। पुलिस की कॉल डिटेल जांच में ऐसे कई प्रभावशाली नामों के संपर्क सामने आए हैं, जिनसे गैंग सरगना राहुल बिहारी वारदातों से पहले और बाद में लगातार बातचीत करता था। जांच की दिशा अब सामाजिक-राजनीतिक हलकों में हलचल मचा रही है।

कई रसूखदारों के संरक्षण और संलिप्तता के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस ने गैंग सरगना राहुल बिहारी की मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड की गहन जांच के बाद ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य प्राप्त किए हैं, जो अपराध की परछाई को सत्ता, समाज और व्यापार की



गलियों तक ले जाते हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस को मिली कॉल डिटेल में करीब एक दर्जन से अधिक स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के नंबर बार-बार ट्रेस हुए हैं।

इनमें कुछ स्थानीय राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, ठेकेदार और भूमाफिया से जुड़े नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। जांच में यह पाया गया है कि राहुल बिहारी ने कई वारदातों के पहले और बाद में इन्हीं लोगों से बार-बार बातचीत की थी। जांच में कुछ ऐसे कॉल इंटरकनेक्शन सामने आए हैं, जो अपराधों के समय बेहद संदिग्ध हैं।

कुछ वारदातों के तत्काल पहले और बाद में राहुल बिहारी की बातचीत इन्हीं तथाकथित सम्मानित लोगों से हुई है। यह एक बड़ा संकेत है कि उसे कहीं न कहीं से संरक्षण और सूचना मिल रही थी। पुलिस ने फिलहाल 12 से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इनमें से कुछ को पूछताछ के लिए थाने बुलाया जा सकता है, जबकि कुछ को लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक इन रसूखदारों में से कुछ के खिलाफ पहले भी विवादों और अवैध कारोबारों से जुड़े मामले सामने आए हैं।

वहीं राहुल बिहारी से उनका संबंध व्यावसायिक और सामाजिक संपर्क के नाम पर बताया जा रहा है। पुलिस कॉल डिटेल के साथ-साथ बैंक खातों और डिजिटल पेमेंट्स की जांच भी शुरू कर सकती है, जिसमें कई संदिग्धों के खातों में हाल के महीनों में असामान्य ट्रांजेक्शन पाए जाने की भी जानकारी भी सामने आ सकती है। जांच में यह साबित होता है कि किसी ने गैंग को संरक्षण दिया या वारदातों की जानकारी साझा की, तो उन्हें भी अपराध का सहभागी माना जा सकता है।

जांच आगे बढ़ने के साथ ही यह मामला अब कटनी के सामाजिक और राजनीतिक हलकों में भारी हलचल का कारण बन गया है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कुछ बड़े नामों का खुलासा हो सकता है, जिससे स्थानीय राजनीति और प्रशासन दोनों में हड़कंप मचना तय है। वहीं पुलिस अब इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। रसूखदारों के नाम सामने आने से शहर में हड़कंप मचा हुआ है।



## बर्सी मेला के मद्देनजर चलाया सफाई अभियान

▶ सफाई कराकर कचरे का संग्रहण कर डंपिंग यार्ड भेजा गया

**नवभारत, कटनी।** आगामी दीपावली और बरसी मेला को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा नगरीय और उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर स्वच्छता मित्रों द्वारा मंगलवार सुबह नगर के मुख्य मार्गों स्टेशन रोड से मिशन चौक, आजाद चौक होते हुए जगन्नाथ चौक, बस स्टैंड परिसर, मैकेनिक लाइन, पन्ना मोड़, मिशन चौक ओवर ब्रिज, कनकने स्कूल प्रांगण सहित मुख्य मार्गों के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया गया। शहर को साफ और स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए। वहीं बाजार क्षेत्रों झंडा बाजार, सराफा बाजार और अन्य स्थलों के साथ ही वार्डों में गलियों की सफाई कराकर कचरे का संग्रहण कर डंपिंग यार्ड भेजा गया। उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर में आयोजित होने वाले बरसी मेले के मद्देनजर क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया है।

## एक नजर में

### कच्ची दीवार गिरी, दबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत कन्हवारा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के नीरज कोल की दीवार गिरने से दबकर मौत हो गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान दोनों बच्चे अपने घर के पास मिट्टी की पुरानी दीवार के पास बैठे थे। अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई और दोनों बच्चे उसके मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य किया और दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी बहन घायल है और उसका इलाज किया जा रहा है। बताया गया कि दीवार काफी पुरानी और कमजोर थी। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### दवा दुकानों की जांच जारी

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के क्रय, विक्रय, संधारण और वितरण पर प्रतिबंध लगाने और केमिस्ट, दवा दुकानों के विद्यमान स्टॉक की जांच करने के दिए निर्देश के बाद पिछले दो दिनों से दवा दुकानों में कोल्ड्रिफ कफ सिरप की उपलब्धता के संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में शासन द्वारा जारी एडवायजरी के अनुसार 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन दवा नहीं देने की व्यवस्था है। जो डॉक्टर और दवा विक्रेता इस नियम का पालन नहीं करेंगे उन सभी संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। औषधी निरीक्षक मनीषा धुर्वे और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के औषधि भंडार में पदस्थ फार्मासिस्ट प्रियंका यादव के साथ कोल्ड्रिप कफ सिरप के संबंध में मिशन चौक स्थित मेसर्स कृष्णा मेडिकल स्टोर, डन कॉलोनी स्थित जीडी हॉस्पिटल अंतर्गत मेडिकल स्टोर, स्टार रिकवरी हॉस्पिटल अंतर्गत स्टार मेडिकल स्टोर और मॉम एंड मी मेडिकल स्टोर, बरगवां स्थित एपेक्स हास्पिटल अंतर्गत मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जांच के समय दुकान में कोल्ड्रिप कफ सिरप की जांच की गई।

## सड़क निर्माण होने से लंबा चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति

▶ जनपद अध्यक्ष ने की प्रभारी मंत्री से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह को ग्राम पंचायत देवरी-मंगेला, से वाया बिछिया होते हुए ग्राम कुकर्रा जिला जबलपुर तक सड़क निर्माण कार्य कराए जाने पत्र दिया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जबलपुर जिले को सीधा जोड़ने वाला मार्ग, जिससे रोजगार, शिक्षा, कृषि, आदि के अवसर बढ़ेंगे और सतधारा मेले को ग्रामों से सीधा जोड़ने वाला मार्ग होगा। पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत देवरी-मंगेला-जिला कटनी तिराहे से बिछिया होते हुए कुकर्रा-जिला जबलपुर सड़क का निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस सड़क की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। न सिर्फ इस सड़क से जिला और जिला जबलपुर आपस में जुड़ जाएंगे। बल्कि डूंडी रेलवे स्टेशन भी इस सड़क मार्ग से जुड़ जाएगा। जिससे रोजगार और ग्रामीणों को जबलपुर पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी मिलेगा। ग्राम बिछिया होते हुए इस सड़क मार्ग से प्रसिद्ध सत-धारा मेला की दूरी आधी रह जाएगी। जबकि अभी बीच में नदी होने कारण क्षेत्रीय ग्रामीण जन उमरिया घूमकर सत-धारा मेला जाते है। जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह से क्षेत्र विकास के इस महत्वपूर्ण सड़क को ग्रामीण सड़क की स्वीकृत करने की मांग की है।

## वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान में कांग्रेस कर रही ग्रामीणों से सीधा संवाद

▶ गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से मिल रहे कांग्रेस पदाधिकारी



**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस द्वारा वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता को जानकारी दे रहे हैं कि भाजपा ने किसी तरह वोट चोरी कर सत्ता साहिल की है।

ग्रामीण कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने मंगलवार को जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में हस्ताक्षर कर इसकी शुरुआत की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को वोट चोरी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि वे गांव-गांव घूमकर लोगों को वोट चोरी को लेकर सतर्क करेंगे। इस दौरान विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मुडेहरा, कांटी, बरेहटा, विजयराघवगढ़, झिरिया सलैया, सिंनगौडी, बरही, पिपरिया कला सहित अन्य गांवों में पहुंचे और अभियान के प्रति प्रेरित किया। ग्रामीण अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए, ताकि जनता के निर्णय से सरकार बने।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में चोरी के वोटों से सरकार बनाई जा रही है। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा की वोट चोरी को रोक लिया गया तो आधा चुनाव यहीं जीत जाएंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस वोट चोरी पर नजर रखने के लिए बीएलओ का गठन कर रही है। अभियान के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र सिंह बघेल छोटू, अंबिका प्रसाद द्विवेदी, कृष्णकांत बड़गैया, विनोद असाटी, गुलाब पाल, जगदीश चौधरी, सोमनाथ मिश्रा, राजू साहू, विपिन सिंह, विजय गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, विष्णु बड़गैया, रामधनी पटेल, रवि सिंह, पीडी यादव सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## शरदोत्सव में भजनों की प्रस्तुति से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

▶ श्री गहोई वैश्य उन्नति संस्था द्वारा किया गया आयोजन



**नवभारत, कटनी।** श्री गहोई वैश्य उन्नति संस्था के सभी सदस्यों ने शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री गोविंद देव जी मंदिर में उत्साहपूर्ण और आनंदमय वातावरण में शरदोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या से हुई, जिसमें श्रद्धा और सुरों की मधुर लहरियों ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। संस्था द्वारा बुलाई गईं प्रसिद्ध भजन गायिकाएं श्रीमती श्वेता पाठक और श्रीमती सलोनी कास्तवार ने अपनी सुरमयी भजन प्रस्तुति से सभी को भाव-विभोर कर दिया। उनके भजनों की प्रस्तुति ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण रचा कि सभी सदस्य भाव-विभोर होकर भक्ति और आनंद में डूब गए। भजनों की श्रृंखला में जब भगवान श्री गोविंद देव जी के जयकारे गूंजे तो मंदिर परिसर में आनंद और भक्ति का अद्भुत संगम दिखाई दिया। संस्था की महिला सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक नृत्य कर भगवान के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित की। संस्था की ओर से दोनों भजन गायिकाओं का स्वागत कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

दोनों भजन गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों की काफी सराहना की गई। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा डॉ स्वाति छिरौलिया, सचिव अन्नू सरावगी, सक्रिय सदस्याय मोहिनी सेठिया, रजनी कनकने, आशु सुहाने, सुनीता कनकने, सीमा लहरिया, कविता कनकने, मधु तपा, प्रीति डेंगरे, शालिनी मोर, अपर्णा बिलैया, अर्चना बिस्वारी, श्वेता बहरे, भारती सेठिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जहां सभी ने एक-दूसरे को शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश देकर जब्त की गई अवैध शराब

▶ कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**नवभारत कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आबकरी विभाग की टीम ने दबिश देकर 20 पाव देशी, 10 प्लेन शराब जब्त किया है। वहीं आबकारी की दूसरी टीम ने हिरवारा और गाताखेड़ा में दबिश देकर 60 पाव अवैध शराब जब्त की है। आबकारी टीम ने झर्रा टिकुरिया में क्षेत्र भी दबिश देकर 15 पाव देशी शराब जब्त की है। इसके अलावा अमले ने नदावन, पड़रिया, केवलारी, रोहनिया, खितौली और पठरा में दबिश देकर 45 पाव देशी, 13 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब और 315 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।



## कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

▶ बरही पुलिस ने करौंदी खुर्द के जंगल में घेरांबदी कर आरोपी को पकड़ा



**नवभारत, कटनी।** बरही थाना अंतर्गत करौंदी खुर्द गांव में कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को करौंदी खुर्द निवासी राजेश कुमार रजक से बकरी के लेन देन पर विवाद किया था और उसकी दौरान उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिसके कारण राजेश कुमार रजक गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसके कान का आधा हिस्सा कट गया था। पुलिस ने कुल्हाड़ी से हमले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। आरोपी की तलाश में लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा था, इस बीच मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर उसे करौंदी खुर्द के जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में उपयोग की गई कुल्हाड़ी को भी जब्त कर लिया है। आरोपी को पकड़ने में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक राजेश कोरी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

## कॉलेज के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाने को लेकर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

▶ ढीमरखेड़ा कॉलेज के बाहर तेज रफ्तार वाहनों से हादसे का खतरा



**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा शासकीय कॉलेज के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं को आंदोलन करना पड़ रहा है, छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वहां पर सुरक्षा के मद्देनजर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। वहीं छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही करने का आरोप लगाया। छात्रों ने बताया कि स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर पहले भी दो बार ज्ञापन दिया गया है, लेकिन स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया। स्पीड ब्रेकर नहीं बनने से कॉलेज के सामने तेजी से वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण हर समय हादसे का खतरा बना रहा है, इससे पहले एक तेज रफ्तार ट्रक कॉलेज के बाहर बने यात्री प्रतिक्षालय से टकराया गया था। जिसके कारण कई लोग घायल हो गए थे। बावजूद इसके स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि सुरक्षित आवागमन के मद्देनजर स्पीड ब्रेकर बनाया जाना बेहद जरूरी है, ताकि कॉलेज के सामने से गुजरने के दौरान वाहनों की रफ्तार धीमी रहे। छात्र-छात्राओं का कहना है कि सभी की मांग है कि कॉलेज के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की मनमानी और उदासीनता के कारण स्पीड ब्रेकर नहीं बन पा रहा है। जिसके करण हर दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, बीएमओ डॉक्टर बीके प्रसाद, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को समझाइस दी और जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का आश्वासन दिया है।

**पर्यटन** | बड़वारा विधायक और जनपद पंचायत अध्यक्ष ने की मांग, आश्वासन मिलने से बढ़ी ग्रामीणों की उम्मीदें

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा भारत का भौगोलिक केन्द्र बिन्दु करौंदी

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** बड़वारा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने जिले के ग्राम करौंदी स्थित भारत देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु को पर्यटन स्थल की तरह विकसित करने की मांग की है। भारत के भौगोलिक केन्द्र बिंदु की खोज 1956 में समाज सेवी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पहल में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य एसपी चक्रवर्ती की अगुवाई में की गई थी। 1968 में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया का निधन होने के बाद राम मनोहर लोहिया की यादगार में करौंदी गांव का नाम मनोहर ग्राम करौंदी गांव रखा गया था, उन दिनों भारत देश के शिक्षाविद



विज्ञान और समाजवादी नेता एकत्रित हुए थे और आदर्श ग्राम बसाने की तैयारी की थी जमीन के अभाव में आदर्श ग्राम का सपना पूरा नहीं हो पाया।

लेकिन स्मारक और आदर्श ग्राम के लिए उन दिनों काफी भूमि अधिग्रहण हुई थी। 1990-91 के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी केंद्र स्थान पहुंचकर विकास की रूपरेखा बनाई और सेंटर पॉइंट ऑफ इंडिया के विकास के लिए पूर्व में भी समाजसेवियों द्वारा प्रयास किया गया था, लेकिन सरकारों के बदलने के बाद और केंद्र स्थान से लगाव रखने वाले लोगों के नहीं रहने के पर केन्द्र बिंदु का विकास नहीं हो पाया। पर्यटन विभाग ने एकमात्र शेड का निर्माण करवा कर दोबारा कभी भी केंद्र स्थान के विकास के लिए प्रयास नहीं किए गए।

इस बीच मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के आने पर भारत के भौगोलिक केन्द्र बिंदु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई। जिस पर राज्यमंत्री ने टीम भेज कर स्थान का परीक्षण कराकर केंद्र बिंदु का विकास कराने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु की विकास की मांग की है, इसके अलावा जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे ने भी कलेक्टर आशीष तिवारी को मामले में पत्र सौंपा है। अधिकारियों द्वारा केंद्र बिंदू में जल्द से जल्द विकास करवाने का आश्वासन दिया गया है। भौगोलिक केन्द्र बिंदु को पर्यटन स्थल की तरह विकसित किए जाने को लेकर मिले आश्वासन के बाद क्षेत्र वासियों में उम्मीद की एक लहर जागी है कि वर्षों पुरानी मांग उनकी पूरी होने वाली है।

## घटिया स्तर की डेकोरेटिव रिंग लाइट रिजेक्ट

**नवभारत कटनी।** नगर निगम द्वारा नगर के सौदर्यीकरण के साथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर 35 लाख 50 हजार रूपए की लागत से डेकोरेटिव विद्युत पोल और डेकोरेटिव लाइट लगाए जाने का कार्य निविदाकार गणेश प्रसाद त्रिपाठी द्वारा कराया जा रहा है। नगर निगम के सहायक यंत्री विद्युत शाखा आदेश जैन और उपयंत्री मोना करेरा ने बताया कि निविदाकार द्वारा विभिन्न स्थलों पर लगाई गई डेकोरेटिव रिंग लाइट बंद होने की समस्या आने पर जांच की गई। जांच के दौरान डेकोरेटिव पोल में लगाई गई लाइट मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। जिस पर नगर निगम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए निविदाकार द्वारा लगाई गई डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट को रिजेक्ट कर पोल से अलग करा दिया गया है। सहायक यंत्री ने बताया कि निविदाकार को नियमानुसार नवीन मानक अनुरूप ही रिंग लाइट लगाकर जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि शहर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो सके।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024